## 11 एवं 12 को रहेंगे भरतपुर दौरे पर

**भरतपुर** (निस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दो दिवसीय दौरे पर 11 अक्टूबर शुक्रवार को भरतपुर आएंगे जहां विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेगें तथा अधिकारियों की बैठक लेकर जनसुनवाई भी करेंगे। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री 11 अक्टूबर को प्रातः 11.30 बजे जयपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.10 बजे झील का बाड़ा पहुंचकर कैला देवी मंदिर के दर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्रीदोपहर1.10 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा झील का बाड़ा से प्रस्थान कर दोपहर 1:20 बजे एमएसजे कॉलेज स्थित हैलीपेड पर पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 1.30 सर्किट हाउस, दोपहर 2 बजे आरबीएम अस्पताल पहुंचकर नवीन आरबीएम अस्पताल भवन निर्माण एवं विभिन्न कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात लोहागढ़ किला स्थित किशोरी महल के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण, नई मण्डी कुम्हेर गेट से हीरादास प्रस्तावित फ्लाईओवर एवं विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया।

# जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक मनोज भारद्वाज के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न

**भरतपुर ( निस )।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक अग्रवाल धर्मशाला पर पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवाड़ी, व्यापार प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य नरेंद्र गोयल, पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मनोज खंडेलवाल, रज्जन सिंह महुआ, जिला मंत्री दुर्गेश बुटोलिया, उमेश पराशर विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक का सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता, पं दीनदयाल जी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें माला दुपट्टा फेटा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेट कर किया गया। बैठक में वरिष्ठ बुजुर्ग व्यापारी नेता सीताराम अग्रवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। डीग के मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह सोलंकी का भी सम्मान किया गया। स्वागत करने वालों में कोई प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कृष्णमुरारी बंसल उपाध्यक्ष संतोष खंडेलवाल त्रिलोक सोनी संजय जैन सुनील शर्मा अमित जैन महेश जिंदल, राजेश खंडेलवाल राजीव चौधरी गौरव सोनी राकेश मित्तल मोहित गोयल विनोद डिगिया अनिल तेहरा, अनिल गर्ग नवीन गोयल रजत गर्ग विशाल गर्ग अंकित चिंटू, गौरव चाहर गौरीशंकर शर्मा अशोक जिंदल मनोज सिंघल रामेश्वर गुप्ता नितिन गुप्ता सुमित अग्रवाल अनिल बजाज शंकर सतीजा नरेंद्र गुप्ता, मुकेश खंडेलवाल, आदि प्रमुख थे। बैठक का संचालन सुनील शर्मा वैर ने किया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने सभी कार्यकर्ताओं को हरियाणा में पार्टी की ऐतिहासिक विजय की बधाई देते हुए सभी पदाधिकारियों से व्यापारियों को सदस्यता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जोड़ने का आ ान किया। गिरधारी तिवारी ने कहा कि व्यापारी पार्टी की रीढ़ की हड्डी है पार्टी हमेशा व्यापारियों की हर समस्या के समाधान के लिए तैयार है। व्यापार प्रकोष्ठ के माध्यम से व्यापारियों की समस्याओं का समाधान सरकार से कराया जायेगा। नरेंद्र गोयल ने कहा कि राष्ट्रहित व व्यापारी हितों को सर्वोपरि मानकर कार्य करते हुए विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए पार्टी को मजबूती देने व गरीब कल्याण की भावना से कार्य करें। प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कृष्णमुरारी बंसल ने सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ व्यापारी नेता सीताराम अग्रवाल ने व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को रखते हुए परचून एवं किराना संघ के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज को दिया। बैठक को जिला उपाध्यक्ष रज्जन महुआ और मनोज खंडेलवाल ने भी संबोधित किया। बैठक में भाग लेने वालों में उपाध्यक्ष संतोष खंडेलवाल त्रिलोक सोनी संजय जैन कामा, सुनील शर्मा वैर अमित जैन डीग महेश जिंदल नदबई, राजेश खंडेलवाल महामंत्री राजीव चौधरी गौरव सोनी डीग राकेश मित्तल प्रवक्ता मोहित गोयल कोषाध्यक्ष अनिल तेहरा मंत्री विनोद डिगिया अनिल गर्ग बयाना विशाल गर्ग नगर नवीन गोयल रामेश्वर गुप्ता नितिन गुप्ता सुमित अग्रवाल अनिल बजाज शंकर सतीजा नरेंद्र गुप्ता, मुकेश खंडेलवाल,देवेंद्र अग्रवाल, दिनेश बंसल,राजेश शर्मा, आदि प्रमुख थे।

## पीएम श्री कार्यक्रमो का समारोह पूर्वक किया समापन

**गंगापुर सिटी ।** गुरूवार को पीएम श्री विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी में माह अक्टूबर में आयोजित पीएम श्री विद्यालय के तहत होने वाली गतिविधियों का आज समापन किया गया। इस अवसर पर कवि डा.गोपीनाथ चर्चित एवं वासुदेव शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश बैरवा के द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में पीएम श्री विद्यालय में अक्टूबर माह में होने वाली चार गतिविधियां आयोजित की गई जो कि 7 अक्टूबर से लेकर 1० अक्टूबर तक विद्या वैभव ओलंपियाड, मंथन मंडल, डिजिटल क्वेस्ट एवं स्थानीय स्थलों की जानकारी एवं खोज प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिसमें प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद एवं बच्चों के द्वारा विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर पक्ष विपक्ष में चर्चा की गई।

# छठ के अवसर पर 56 भोग लगाए

**करौला( नि.स. )।** करौली जिला मुख्यालय पर मां करणपुर गुमानो सेवा समिति के तत्वाधान में चल रहे नवरात्र महा उत्सव के तहत छठ के अवसर पर माता रानी के दरबार को सुगंधित पुष्पों से सजाते हुए छप्पन भोग लगाए गए इस दौरान माता रानी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। करौली मदन मोहन जी मंदिर के निकट गोपाल जी मंदिर परिसर के समीप गायत्री पैलेस में मां करणपुर गुमानो मां सेवा समिति के तत्वाधान में नवरात्र महा उत्सव का कार्यक्रम चल रहा है इस दौरान छठ के अवसर पर विशेष सेवा पूजा का कार्य हुआ प्रातः विद्वान पंडितों के मंत्र जाप के बीच माता रानी की पूजा अर्चना कराई गई इसके पश्चात दोपहर को मॉ. भक्त गजानंद शर्मा उर्फ गज्जू के परिवार कि ओर से करनपुर वाली गुमानो माता कि हस्त निर्मित प्रतिमा को पोशाक अर्पण कर धारण कराकर पूरे मंदिर को सुगंधित पुष्पों और रंगीन रोशनी से सजाकर माता रानी को छप्पन भोग लगाए गए इस अवसर पर करनपुर वाली माता का मंदिर जगमग रोशनी से नहा गया वहीं रात्रि 7:00 बजे विशेष पूजा के तहत माता रानी की दीपकों से आरती कि गई इस अवसर पर पूरा मंदिर प्रांगण दर्शनार्थियों से ठसा ठस भर गया और चारों तरफ करनपुर वाली माता के जयकारे गूंजने से माहौल भक्तिमय हो गया इस अवसर पर दर्शनार्थियों को प्रसादी का वितरण किया गया कार्यक्रम के दौरान समिति के अध्यक्ष प्रहलाद गुप्ता भांकरी वाले, गिर्राज तिवारी,विष्णु कसेरा,कैला'ा चन्द शर्मा कंपाउण्डर, गजानंद शर्मा, तेजेंद्र सिंह, अमन शर्मा, भोलू गुप्ता, भैरोलाल गुप्ता अध्यापक,' अग्रवाल आलू वाले,विष्णु चंद शर्मा नल वाले, मेहुल शर्मा उर्फ मोनू, अंकेश पाराशर, दिनेश गुप्ता,प्रकाश शर्मा, चंचल एवं प्रवक्ता जितेंद्र सिंह सहित समिति से जुड़े अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर डीग महोत्सव का आगाज किया

**डीग ( निस )।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के तत्वाधान में डीग महोत्सव-2024 का गुरुवार को भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीग के जल महल में जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल, उपनिदेशक पर्यटन विभाग संजय जौहरी, आयुक्त नगर परिषद मनोज मीना एवं जिला शिक्षा अधिकारी मनोज खुराना ने हरी झंडी दिखाकर किया। अपने सौंदर्य तथा बाग व जल व्यवस्था के आनुपातिक संतुलन में स्थित महलों के कारण डीग हमेशा से ही पर्यटन की दृष्टिकोण से एक सुरम्य स्थल रहा है। ऐतिहासिक रूप से एक मध्ययुगीन सा देखने वाला यह अलसाया शहर अपनी महत्व रखता है और जल महलों के रूप में पहचान स्थापित किए जाने की कहानी को संजोए हुए हैं। शासकों का ग्रीष्मकालीन आवास रहे जल महलों की नगरी डीग में डीग महोत्सव की धूम ऐसी रही की सुबह से ही महोत्सव के रंग में रंगने पर्यटकों का भारी जमावड़ा लगा रहा है। ब्रज क्षेत्र एवं अन्य इलाकों से आए हुए लोगों ने रंगारंग कार्यक्रम का पल पल का लुफ्त उठाया। जल महलों के बाग-बगीचों में फूलों की आकर्षक छटापेड़-पौधे, पशु-पक्षी और आए हुए सैलानी सब उल्लास से परिपूर्ण थे। जल महल के समीप स्थित जलाशय में पढ़ने वाले इस प्रतिबिंब से संपूर्ण परिसर का वातावरण अलौकिक सौंदर्यमई हो गया जिससे देखकर सभी अभिभूत हो गए। बच्चे-बूढ़े सभी व्यक्ति सब कुछ संकोच और रूढ़ियाँ भूलकर ढोलक-झाँझ-मंजीरों की धुन के साथ नृत्य-संगीत व रंगों में डूब नजर आए। सांयकाल में जल महलों में प्रसिद्ध रंगीन फव्वारों के चलने से चारों तरफ़ रंगों की फुहार फूट पड़ी। इस दौरान दूर दराज से आए लोक कलाकारों की टोलियाँ रंग-बिरंगे कपड़े पहने नाचती-गाती दिखाई दिए। हाइड्रोलिक प्रणाली से संचालित ये फव्वारे जैविक रंगों की छटा बिखेर रहे थे।

इससे पूर्व डीग महोत्सव के प्रारंभ में शोभायात्रा निकाली गई जो गणेश मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए पुनरू जल महल परिसर पहुँची जिसमें स्कूली छात्र छात्राएं और राजस्थानी लोक कलाकारों सहित विभिन्न लोक और बृज अंचल की झांकी शामिल रहीं। इसके पश्चात मेला मैदान में राधा कृष्ण पोशाक प्रतियोगिता, दमखम कबड्डी व रस्साकशी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित गई। वहीं दोपहर बाद महल परिसर में मूँछ प्रतियोगिता, साफा बांध प्रतियोगिता और दीपदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों की श्रंखला में सांय 7 बजे सांस्कृतिक संध्या में रंगीलो राजस्थान में राजस्थानी लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियाँ प्रसारित की जाएंगी। रस्साकस्सी प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में लाल मनोहर लाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम एवं श्री राम आदर्श डीग दूसरे स्थान पर, कबड्डी छात्र वर्ग में केएल जोशी प्रथम और दूसरे स्थान पर गुरु आशीष सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मूंछ प्रतियोगिता में पुष्पेंद्र सिंह प्रथम स्थान, मदनलाल शर्मा द्वितीय स्थान और छुट्टन सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में रस्साकस्सी प्रतियोगिता छात्र वर्ग में एमजीएफ डीग प्रथम स्थान और ज्ञान विहार डीग दूसरे पायदान पर रहे। राधा कृष्ण पोशाक प्रतियोगिता में किरण कान्वेंट पब्लिक स्कूल प्रथम स्थान, श्री राम स्कूल द्वितीय स्थान और एमएल ने तृतीय स्थान हासिल किया। वही साफ़ा प्रतियोगिता में श्री गंगा सिंह प्रथम स्थान, रामकृष्ण द्वितीय स्थान और दशरथ सिंह नरैना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** विश्व हिन्दू परिषद के लक्ष्मण मंदिर प्रखण्ड में दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति द्वारा शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रखण्ड मातृशक्ति संयोजिका दीप्ती शर्मा ने शस्त्रों की पूजा से कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए दया मित्तल ने नारी शक्ति एवं बेटी के गौरव, त्याग, उदारता के बारे में बताया और अधिक से अधिक दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति की बहनों को विहिप से जोड़ने के लिए भरतपुर शहर के सभी वार्डों में समितियों का गठन किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला मातृशक्ति संयोजिका सुमन रावत ने किया। लक्ष्मण मंदिर प्रखण्ड अध्यक्ष कमलकपूर ने सभी महिला शक्ति का आभार व्यक्त किया।

## मूर्ति को खंडित करने का आरोपी गिरफ्तार

**जुरहरा भरतपुर ( निस )।** स्थानीय थाना पुलिस ने गत दिनों कस्बे के प्राचीन श्री इंद्रकुटी हनुमान मंदिर पर स्थित शिव परिवार की मूर्तियों को खंडित करने के मामले में एक जने को गिरफ्तार किया है। जुरहरा थाना अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि तीन दिन पूर्व इन्द्रकुटी हनुमान जी मन्दिर में शिवलिंग व शिव परिवार की प्रतिमाओं को तोडकर खण्डित करने वाले मुल्जिम अमित उर्फ छोटू उर्फ महाकाल पुत्र चेतराम जाति पुजारी निवासी ग्राम सोनोखर थाना जुरहरा जिला डीग को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि 7 अक्टूबर को इन्द्रकुटी हनुमान जी मन्दिर कस्बा जुरहरा पर स्थित शिवलिंग सहित शिव परिवार की प्रतिमाओं को तोडकर खण्डित करने के बारे में स्थानीय थाने पर मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस टीम थाना जुरहरा द्वारा लगातार इस सम्बन्ध में सूचना संकलन व संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड की गई व पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज व मुखबीर तंत्र को सक्रिय कर तत्परता दिखाते हुये गुरुवार को इंडस्ट्रियल एरिया सोनोखर से आरोपी अमित उर्फ छोटू उर्फ महाकाल पुत्र चेतराम जाति पुजारी निवासी ग्राम सोनोखर थाना जुरहरा जिला डीग को दस्तयाव किया ।

# डाक दिवस पर किया सभी को पत्र लेखन का आह्वाहन

**गंगापुर सिटी ।** शहर के भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधबार को डाक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर में महाविद्यालय के छात्र अध्यापक एवं छात्रा अध्यापिकाओं के द्वारा डाक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता केशव लाल गुप्ता नें उपस्थित छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं को डाक दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि अपनी स्थापना के बाद से ही विश्व डाक दिवस मनाने का उददेश विकास संचार एवं व्यापार सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिकाओं में ध्यान केंद्रित करने के लिए किया जाता रहा है।

लेकिन आधुनिकता की चकाचौध एवं हमारे भारत में बढ रही संचार सुविधाओं के कारण डाक अपना महत्व खोती जा रही है और डाक का रूप अब मोबाइल फोन ने ले लिया है।

उन्होंने कहा विश्व डाक दिवस प्रतिवर्ष 9 अक्टूबर को मनाया जाता है और यह अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव विद्यार्थियों को बताएं और चिट्ठी का महत्व बताते हुए उपस्थित छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं को डाक दिवस के उपलक्ष में अपने परिचितों को एक पत्र लिखने का आह्वाहन किया।

कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्रवक्ता नवदीप शर्मा एवं विजय राज त्रिवेदी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय दिवस है और यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की वर्षगांठ का भी प्रतीक है

कार्यक्रम को अन्य प्रवक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं ने भी डाक दिवस के उपलक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किय कार्यक्रम में सुमित कुमार दुबे, मुकेश शर्मा, गोपाल मुद्गल, श्रीमती भावना खंडेलवाल, श्रीमती मनीषा शर्मा, सुश्री मोना मथुरिया, रमेश चंद गुप्ता, राकेश कुमार जैन, श्रीमती आरती शर्मा, श्रीमती मनीषा श्रीवास्तव, श्रीमती पूजा शर्मा एवं महाविद्यालय प्रवक्ता आदि उपस्थित रहे।

## बंदरों के आतंक से लोग परेशान

**करौली( नि.स. )।** करौली शहर के विभिन्न कॉलोनी व मोहल्लों में लोग बंदरों के आतंक से लंबे समय से परेशान है कई बार नगर परिषद को समस्या से अवगत कराने के बावजूद भी परिषद की ओर से इस संबंध में कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को उठाना पड़ रहा है। शहर के होली खिड़किया क्षेत्र में बड़ी संख्या में बंदर हैं जो एक साथ झुंड बनाकर धमाचैकड़ी करते रहते हैं। बंदर खाने पीने के सामान को बिखरने के साथ ही कपड़े भी उठा ले जाते हैं और उन्हें फाड़कर व तोड़फोड़ कर बर्बाद कर देते है। कई बार बंदर इतने ज्यादा होते हैं।


पश्चिम मध्य रेल
केटरिंग स्टॉलों के लिए ई-बोली
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेल द्वारा कोटा मंडल में विभिन्न केटरिंग स्टॉलों के लिए ई-बोली आमंत्रित की है। केटलॉग को www.ireps.gov.in (e-Auction) पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्न है: केटलॉग संख्याः KOTACATERING09. अनुबंध का प्रकारः खानपान स्टॉल। ई-नीलामी की तिथि और समयः 25.10.2024 और 13:00 बजे। केटलॉग की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट www.ireps.gov.in (e-Auction) पर उपलब्ध है।
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



राजस्थान सरकार



श्री भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस
11 अक्टूबर, 2024
सफल समाज का वचन, हर बेटी को जीवन
पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत गर्भस्थ शिशु का लिंग परीक्षण कानूनी अपराध है

वैधानिक चेतावनी
गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम-1994 (PCPNDT) के तहत गर्भस्थ शिशु का लिंग परीक्षण करना अथवा करवाना, इसके लिए सहयोग देना व विज्ञापन करना कानूनी अपराध है। उपरोक्त कृत्य के लिए 3 से 5 वर्ष तक का कारावास एवं 10 हजार से 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

3 लाख रु. तक का इनाम
भ्रूण लिंग परीक्षण की सूचना पर
आपके क्षेत्र में कोई व्यक्ति इस कार्य में लिप्त है तो टोल फ्री नं. 104/108 या वाट्सएप नं. 9799997795 पर शिकायत दर्ज कराएं, मुखबिर की पहचान गोपनीय रखी जाएगी



राजस्थान संवाद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं, (आई.ई.सी.) राजस्थान, जयपुर